




# राधिका महाविद्यालय

सम्बद्ध दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर


करवल-मझगांवा (गगहा), गोरखपुर. 273411

**+91 99364 23061, +91 95324 50972, +91 84002 06207**

www.collegeradhika.com


www.collegeradhika.com

**14 YEARS OF EXCELLENCE**

★★★ ESTABLISHED IN 2011 ★★★



## उज्ज्वल भविष्य की ओर सदैव अग्रसर

**B.Sc | B.Com | B.A | MA**

**2,500+** Placements

**8,000+** Strong Alumni base

# राधिका महाविद्यालय

सम्बद्ध दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर


करवल-मझगांवा (गगहा), गोरखपुर. 273411

+91 99364 23061, +91 95324 50972, +91 84002 06207



राधिका महाविद्यालय
उज्ज्वल भविष्य
की ओर सदैव अग्रसर

14 YEARS
OF EXCELLENCE
★ ESTABLISHED IN 2011 ★

# स्वामी विवेकानन्द की दृष्टि में शिक्षा

**शिक्षा का अर्थ है उस पूर्णता को व्यक्त करना जो सभी मनुष्यो में पहले से विद्यमान है।**

पत्र0 1,114

शिक्षा क्या है? क्या यह पुस्तक विद्या है? नहीं !
क्या वह नाना प्रकार का ज्ञान है? नहीं !

**जिस संयम के द्वारा इच्छा शक्ति का प्रवाह और विकास वश में लाया जाता है और वह फलदायक होता है, वह शिक्षा कहलाती है।**

पत्र0 2,290-21

**मेरे विचार से शिक्षा का सार मन की एकाग्रता प्राप्त करना है,** तथ्यों का संकलन नहीं। यदि मुझे फिर से अपनी शिक्षा आरम्भ करनी हो और इसमें मेरा वश चले, तो मैं तथ्यों का अध्ययन कदापि न करूँ। मैं मन की एकाग्रता और अनाशक्ति का सामर्थ्य बढ़ाता और उपकरण के पूर्णतया तैयार होने पर उसमें इच्छानुसार तथ्यों का संकलन करता।

भ0बु0स0 17

जो शिक्षा साधारण व्यक्ति को जीवन संग्राम में समर्थ नहीं बना सकती, जो मनुष्य में चरित्रबल, परहित भावना तथा सिंह के समान साहस नहीं ला सकती, वह शिक्षा भी कोई शिक्षा?

**जिस शिक्षा के द्वारा जीवन में अपने पैरों पर खड़ा हुआ जाता है, वही शिक्षा है।**

वि0सं0 175

केवल शिक्षा! शिक्षा!
यूरोप के अनेक नगरों में घूमकर और वहां के गरीबों के अमन- चैन और विद्या को देखकर हमारे गरीबों की बात याद आती थी और मैं आंसू बहाता था यह अन्तर क्यों हुआ?
जवाब पाया शिक्षा!

पत्र0 274

अपने निम्न श्रेणी वालों के प्रति हमारा एकमात्र कर्तव्य है उनको शिक्षा देना, उनके खोए हुए व्यक्तित्व विकास के लिये सहायता करना। उनमें विचार पैदा कर दो- बस उन्हें उसी एक सहायता का प्रयोजन है, शेष सब इसके फलस्वरूप स्वयं आ जायेगा।

हमें केवल रासायनिक सामग्रियों को इकट्ठा भर कर देना है। उनका निर्दिष्ट आकार प्राप्त करना -रवा बँध जाना तो प्राकृतिक नियमों से ही साधित होगा। अच्छा, यदि पहाड़ मुहम्मद के पास न आये तो मुहम्मद ही पहाड़ के पास क्यों न जाये? यदि गरीब लड़का शिक्षा के मन्दिर में न आ सके, तो शिक्षा को ही उसके पास जाना चाहिये।

पत्र0 1,134-35

**हमें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जिससे चरित्र निर्माण हो, मानसिक शक्ति बढ़े, बुद्धि विकसित हो और मनुष्य अपने पैरो पर खडा़ होना सीखे।**

व0सा0 49-50

2,500+ Placements | 8,000+ Strong Alumni base
www.collegeradhika.com






# राधिका महाविद्यालय एक दृष्टि में...

शिक्षा को जन-जागरण एवं राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का सर्वाधिक सशक्त माध्यम स्वीकार करते हुए, श्री भगत सिंह द्वारा, शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश के हृदयस्थल गोरखपुर के ग्रामीण अंचल में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षण संस्थाओं को संचालित करने हेतु 'श्री छोटक सिंह मेमोरियल सोसाइटी' की स्थापना 28 अगस्त 2009 को की गई। राधिका महाविद्यालय, करवल - मझगावां (गगहा), गोरखपुर श्री छोटक सिंह मेमोरियल सोसाइटी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कुछ प्रारम्भिक कदमों का प्रतिफल है।

गोरखपुर - बड़हलगंज मार्ग पर जिला मुख्यालय से लगभग 40 कि0मी0 दूर दक्षिण में स्थित इस महाविद्यालय की नींव विजयादशमी, 28 सितम्बर 2009 को श्री भगत सिंह एवं श्रीमती जीरा देवी के कर कमलों द्वारा रखी गयी। सम्प्रति यह महाविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर से सम्बद्ध है।




# राधिका महाविद्यालय संक्षेप में

ESTABLISHED IN 2011
14
YEARS OF EXCELLENCE

B.Sc | B.A | B.Com | MA

**12,000+** Students till date

**8,000+** Strong Alumni base

**4,000+** 1st Division Holders

**100+** Awards For Excellence In Education

- आधुनिक एवं सुसज्जित प्रयोगशालाएँ
- खेलकूद की समुचित व्यवस्था
- सुसज्जित कंप्यूटर प्रयोगशाला
- पुस्तकालय
- विद्वान एवं योग्य शिक्षक
- ट्रांसपोर्ट सुविधा (केवल लड़कियों के लिये)

www.collegeradhika.com



# OUR PROUD ALUMNI

**2,500+** Placements

**8,000+** Strong Alumni base

## OUR STUDENTS OUR STARS

**1300+**
Teaching (Government & Private sector)

**170+**
Banking & Finance (HDFC, Bajaj, Sahara, Reliance, Muthoot Finance etc.)

**160+**
Police & Paramilitary Forces

**55+**
Pursuing PhD with highly paid projects (IIT, BHU, D.U., MMMUY, Khan Academy)

**140+**
Commercial Agriculture

**30+**
Mass Com & Journalism







"I'm honored to share my success story with Radhika Mahavidyalaya. As a B.Sc Mathematics student, I never imagined I'd achieve so much. The guidance, support, and resources provided by our college helped me secure a prestigious position as a Postal Assistant through the SSC CGL examination. I am grateful for the strong foundation in academics and life skills that Radhika Mahavidyalaya gave me. Our college's emphasis on excellence, discipline, and holistic development shaped me into a confident individual. I wholeheartedly recommend Radhika Mahavidyalaya to all aspiring students, if you're looking for a nurturing environment to grow and succeed."

**SONI JAISWAL**
Postal Assistant - SSC CGL Exam
**B. Sc. – Mathematics (2018)**




"Radhika Mahavidyalaya is the best place for motivated and hardworking students who want to turn their dreams into reality. All faculty members are very inspiring, intelligent, and supportive. From my perspective, Radhika is the best institute in that area. Its infrastructure and facilities are excellent. I have learned a lot from this institute.
I will always be indebted to this institute and the teachers, who provided me a platform to achieve my aspirations and expand my horizons."

**SHILPI YADAV**
IIT KANPUR
**B. Sc (2020)**

OUR STUDENTS OUR STARS



I'm delighted to share my experience at Radhika Mahavidyalaya, where I pursued my B.Sc in Biology in 2020. The college provided me with a nurturing environment, excellent faculty, and state-of-the-art infrastructure.

The knowledge and skills I gained during my time at Radhika Mahavidyalaya have been invaluable in shaping my career. I'm grateful for the opportunities and support I received, which helped me grow both academically and personally.

I highly recommend Radhika Mahavidyalaya to students seeking a quality education and a supportive community. The memories and lessons I've cherished will stay with me forever.

**SHIFALI JAISWAL**
Qualified CSIR- JRF, Dec'24 in Botany
**B. Sc–Bology (2020)**



Currently, I am a junior research fellow (JRF) on a research project while pursuing my PhD at the Madan Mohan Malviya University of Technology, Gorakhpur.

My research area broadly focuses on: The development of artificial photosynthesis systems for sustainable energy conversion and the recovery of valuable metals from waste lithium-ion batteries.

I obtained my Bachelor of Science degree in 2020 from Radhika Mahavidyalaya. During this academic journey, I earned a detailed theoretical and practical understanding of my subjects. The faculty was highly supportive, always guiding us to excel in our lives. The well-equipped labs and library provided an excellent learning environment. Overall, the college played a significant role in shaping my career, and I am grateful to be an alumna of this wonderful institute.

**JYOTI AGRAWAL**
JRF–Madan Mohan Malviya University of Technology, Gorakhpur
**B.Sc. – Biology (2020)**



उज्ज्वल भविष्य
की ओर सदैव अग्रसर

14 YEARS OF EXCELLENCE
★ESTABLISHED IN 2011★



मैं HDFC बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के रूप में कार्यरत हूँ। राधिका महाविद्यालय, से मैंने 2021 में B.Com की उपाधि प्राप्त की। मेरे कॉलेज के दिनों ने मुझे न केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान किया, बल्कि मुझे जीवन के महत्वपूर्ण सबक सिखाए।

यूँ तो B.Com में पढ़ाने वाले शिक्षकों में अमन कुमार श्रीवास्तव और निरूपमा मैम अपने विषय के बेहतरीन शिक्षक हैं, मैं अपने गुरु छठेन्द्र कुमार त्रिपाठी से बहुत प्रभावित रहा। मेरा कॉलेज मेरे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसने मुझे आज के रूप में आकार देने में मदद की। मैं अपने कॉलेज के प्रति हमेशा आभारी रहूँगा।

**VISHAL SINGH**
ASSISTANT MANAGER–HDFC BANK
**B.Com (2021)**



मेरी B.Sc में स्नातक शिक्षा राधिका महाविद्यालय से पूर्ण हुई है। यहाँ मुझे वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान और रसायान विज्ञान जैसे विषयों में गहरी जानकारी हासिल करने का अवसर प्राप्त हुआ। यहाँ का शैक्षणिक वातावरण बहुत ही सराहनीय है। महाविद्यालय से प्राप्त अनुभूतियों ने मुझे केवल शैक्षिक ज्ञान नहीं बल्कि जीवन की कई महत्वपूर्ण योग्यताएँ भी दीं। आज मैं यहाँ खान ग्लोबल स्टडीज NEET विभाग में Subject Matter Expert के पद पर हूँ। मैं यहाँ के सभी भूतपूर्व और वर्तमान के सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ, जिनके बताये गये मार्ग पर चलकर मैं अपने पथ पर अग्रसारित हुई हूँ।

**JAYANTI MISHRA**
Subject Material Expert–Khan Academy, Noida
**B. Sc. – Biology (2020)**

**2,500+** Placements | **8,000+** Strong Alumni base

OUR STUDENTS OUR STARS



मैंने वर्ष 2022 में राधिका महाविद्यालय, करवल मझगावाँ से बी.कॉम की डिग्री प्राप्त की। यह महाविद्यालय मेरे जीवन की दिशा तय करने में एक मजबूत आधार बना। यहाँ के अनुभवी शिक्षकों, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण और मूल्यपरक शिक्षा प्रणाली ने मुझे न केवल एक अच्छा छात्र बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाया।

आज मैं बजाज कम्पनी में मैनेजर–कस्टमर केयर के पद पर कार्यरत हूँ और इसके लिए मैं अपने महाविद्यालय का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। राधिका महाविद्यालय निश्चित ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का उत्कृष्ट केन्द्र है।

**VAIBHAV SINGH**
Manager, Customer Care - Bajaj
**B.Com (2022)**



I completed my B.Com in 2019 from Radhika Mahavidyalaya, Karwal-Majhgawan. Today, I am a proud Company Secretary—and the best part is, I didn't need any extra coaching for it. The dedicated teachers here guided me throughout. Based on my experience, I can confidently say that Radhika Shikshan Sansthan truly provides career-focused education.

**SHIKHA YADAV**
Company Secretary
**B.Com (2019)**

14 YEARS OF EXCELLENCE
★ ESTABLISHED IN 2011 ★



गोरखपुर जनपद के दक्षिणांचल में स्थित राधिका महाविद्यालय करवल–मझगांवा ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए एक आशा की किरण है। महाविद्यालय का पर्यावरण पठन–पाठन, खेलकूद व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में श्रेष्ठ है। यहाँ अध्ययन के दौरान मुझे समाज के लिए कुछ करने का जज्बा हासिल हुआ।


मेरा चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में हुआ है। मेरे लिए प्रेरणा पुंज इस संस्थान द्वारा विकसित चारित्रिक व सामाजिक संस्कारों का सदुपयोग मैं अपनी सेवा में करने हेतु प्रतिबद्ध हूँ।

**PAWAN MAURYA**
U.P. Police
**B.Com (2023)**




Our meritorious students have made us proud by pursuing MBA from the prestigious LLOYD Business School, Noida.

**Left to Right: Ankit Kannujia, Rishabh Tripathi, Aditya Nigam, Abhinandan Yadav**



# दो शब्द

राधिका महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान है। जो छात्रों की उनके करियर के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय में बी०ए०, बी०एस०सी० एवं बी०काम० से लेकर एम०ए० (हिन्दी, समाजशात्र एवं गृहविज्ञान) तक के पाठ्यक्रमों का संचालन होता है, जो छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त करने का उवसर प्रदान करते हैं। **हमारा उद्देश्य छात्रों को न केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना है बल्कि उन्हें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लिए तैयार करना है। हम छात्रों को उनके भविष्य के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्हें अपने सपनों को साकार करने में मदद के लिए तत्पर भी हैं।**

महाविद्यालय में बिना किसी भेदभाव के आर्थिक रूप से कमजोर, अनाथ व दिव्यांग छात्र - छात्राओं के लिए निःशुल्क शिक्षा का भी प्रावधान है साथ ही साथ महाविद्यालय में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कंप्यूटर व सिलाई आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लड़कियां पढ़ रही हैं, आगे बढ़ रही हैं, यह सुखद और संतोषजनक बात है।

मूल्यवर्धित चारित्रिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हम कृत संकल्पित हैं। अपने गाँव में उच्च शिक्षण संस्था की स्थापना करना मेरा चुनाव था। तमाम गंभीर झंझावातों से आँखें मिलाता, उससे दो-दो हाथ करता हुआ आपकी ही ताकत की बदौलत आपकी सेवा में मगन रहा। 'कर्म' ही मेरे जीवन की कथा रही है क्योंकि कर्म को ही मै अपना धर्म समझता हूँ। मैं अपने घर-गाँव और अँचल को कुछ दे सकूँ इसकी बेचैनी मेरे भीतर बराबर बनी रहती है। उन सभी अभिभावकों और शुभचिन्तकों का मैं आभारी हूँ, जिन्होंने अपनी आलोचना व शिकायतों से मुझे निरन्तर सचेत रखा और शिक्षण संस्था में निरन्तर सुधार करने की प्रेरणा दी।

राधिका महाविद्यालय में नवागन्तुक छात्र-छात्राओं का स्वागत है। हमारे साथ जुड़ें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएँ।

**Virendra Kumar Singh**
Chairman & Founder Director



14 YEARS
OF EXCELLENCE
★ ESTABLISHED IN 2011 ★



It gives me immense pleasure to welcome you to Radhika Mahavidyalay, an institution committed to academic excellence, personal growth and social responsibility. With a diverse range of Programs in Arts, Science and Commerce at both Undergraduate and Postgraduate levels. We aim to empower students with knowledge Skills and values that prepare them for meaningful lives and successful careers.

**Our dedicated faculty, supportive staff and vibrant campus environment work together to nurture curiosity, creativity and critical thinking . We believe education goes beyond books. It is about shaping responsible individuals who contribute positively to society.**

Join us on this journey of transformation and discovery. At Radhika Mahavidhyalay, your potential meets purpose.

**Puneet Singh**
Director



राधिका महाविद्यालय ग्रामीण अंचल में स्थापित एक ऐसा महाविद्यालय है, जहाँ बी०ए०, बी०एस०सी०, बी०कॉम० एवं एम०ए० तक की शिक्षा प्रदान की जाती है। **हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आज की सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों के आलोक में शिक्षित करना है। हमारा लक्ष्य सिर्फ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नही है बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्वों और आत्मनिर्भरता की भावना से भी संपन्न बनाना हैं।**

हमारे अनुभवी एवं समर्पित शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और चरित्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं। महाविद्यालय में आधुनिक संसाधन, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ और शैक्षणिक वातावरण छात्रें को अपने सर्वांगीण विकास के लिए उपर्युक्त मंच प्रदान करते हैं।

हम आशा करते हैं कि दक्षिणांचल के विद्यार्थी इस शैक्षणिक यात्रा में हमारे साथ जुड़कर अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में दृढ़ कदम बढ़ाएंगे।

(डॉ0) संतोष कुमार सिंह
प्राचार्य



14 YEARS OF EXCELLENCE
★ ESTABLISHED IN 2011 ★



## लक्ष्य


शहरी-ग्रामीण के मध्य अंतर को समाप्त करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना।

## प्रयोजन

छात्र-छात्राओं के आत्म विश्वास, सम्प्रेषण - क्षमता एवं आंतरिक शक्ति का विकास करना।

## अभियान

छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एवं वैश्विक सामाजिक समस्याओं एवं अपने मूल्यों के प्रति जागरूक करना। उन्हें सही-गलत के मध्य अंतर को समझने की दिशा प्रदान करना। उनकी सम्प्रेषण क्षमता एवं कम्प्यूटर दक्षता को बढ़ाना देश के प्रति ईमानदार होने एवं नागरिक के रूप में अपनें कर्तव्यों के पालन की शिक्षा देना।






# लक्ष्य एवं उद्देश्य

मूल्य आधारित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के लिये एक उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में विकसित किये जाने की योजना से स्थापित राधिका महाविद्यालय प्रथम सत्र से ही छात्र-छात्राओं के पुस्तकीय ज्ञान के साथ ही संस्कारयुक्त जीवन एवं पारम्परिक भारतीय मूल्यों के प्रति जागरूक बनाने हेतु कृत-संकल्पित है। महाविद्यालय में हम ऐसे वातावरण का सृजन कर रहे हैं कि ज्ञान तथा गुणों के विकास के साथ ही छात्र-छात्राओं में सरलता और ईमानदारी पर आधारित चरित्र एवं व्यक्तित्व का निर्माण किया जा सके। हमारा चरम प्रयास होगा कि हम छात्र-छात्राओं में कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्र व समाज के प्रति निःस्वार्थ सेवा-भाव तथा उत्कृष्टता व ज्ञान के प्रति पिपासा का भाव जागृत कर सकें।

अकादमिक उत्कृष्टता ही हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। वस्तुतः शिक्षा, बौद्धिक, शारीरिक व आध्यात्मिक विकास का समेकित रूप है। हम अपने विद्यार्थियों का इस तरह निर्माण करेंगे कि वे प्रतिस्पर्धी दुनिया की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें तथा समाज एवं राष्ट्र की सेवा हेतु समर्पित रहें। अकादमिक उत्प्रेरणा के अतिरिक्त, महाविद्यालय विविध पाठ्य सह एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों तथा कार्यक्रमों (Co-curricular and extra curricular activities and programmes) के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्वबोध एवं नेतृत्व के गुण के विकास हेतु सतत प्रयत्नशील रहेगा जिससे समाज के अन्तिम व्यक्ति के प्रति वे संवेदनशील रहें।

महाविद्यालय, वह प्रत्येक प्रयास करेगा जिससे शिक्षा को अधिक प्रासंगिक एवं सार्थक बनाया जा सके।









14 YEARS
OF EXCELLENCE
★ ESTABLISHED IN 2011 ★

# ज्ञान का वातावरण



महाविद्यालय का परिसर कुल 6.5 एकड़ में निर्मित है। प्राकृतिक सुंदरता से युक्त परिसर में प्ले-वे से लेकर एम०ए० तक की कक्षाओं का संचालन होता है। संभवत: जिले का पहला महाविद्यालय है जहाँ प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक की व्यवस्था एक ही परिसर में प्रदान की जाती है।

**2,500+** Placements | **8,000+** Strong Alumni base
























14 YEARS OF EXCELLENCE
★ ESTABLISHED IN 2011 ★

## कक्षाएँ

महाविद्यालय की सभी कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड लगा हुआ है जो इंटरैक्टिव हैं। इन इंटरैक्टिव बोर्ड की सहायता से बड़े ही क्रिएटिव ढंग से (प्रोजेक्टर आदि के माध्यम से) शिक्षण कार्य किया जाता है।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय में एक समृद्ध सुसज्जित पुस्तकालय है जिसमें पाठ्क्रम से सम्बन्धित पुस्तकों के साथ ही प्राचीन आधुनिक पुस्तकों का समावेश है। महाविद्यालय में विभिन्न विषयों से सम्बन्धित साप्ताहिक/मासिक पत्र-पत्रिकाएं हमेशा उपलब्ध रहती है।

## प्रयोगशालाएँ

महाविद्यालय की प्रयोगशालाएँ इस रूप में निर्मित और विकसित की गई हैं कि छात्रों में अवलोकन करने की शक्ति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्क शक्ति, निष्कर्ष, निरूपण, स्वतंत्र रूप से कार्य करने की क्षमता सहज रूप में विकसित हो सके। सभी प्रयोगशालाएँ आधुनिक उपकरणों से युक्त हैं।

## सिलाई-कढ़ाई

उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा संचालित कौशल विकास योजना के अंतर्गत सिलाई - कढ़ाई का प्रशिक्षण नि:शुल्क प्रदान किया जाता है।

## छात्रावास

महाविद्यालय में छात्रों के लिये पृथक छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है।

## वाहन की सुविधा

महाविद्यालय द्वारा केवल छात्राओं को वाहन सुविधा प्रदान की जाती है।

## वाहन स्टैण्ड

महाविद्यालय परिसर में निर्मित वाहन स्टैण्ड में छात्र-छात्राओं को अपनी साइकिल, स्कूटर तथा मोटरसाइकिल रखना अनिवार्य है। इसके लिये निर्धारित शुल्क जमा करने के साथ ही इस सम्बन्ध में नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।
















# हमारी टीम




Left to Right (Sitting): Shweta Nayak, Nirupama Singh, Aradhana Shrma, Ambika Nishad, Nandita Paswan, Director -Puneet Singh, Chairman/Manager-V.K.Singh, Principal- (Dr.) Santosh Kumar Singh, Uma Sinha, Anju Yadav, Shashi Prabha Ray, Vandana Jaiswal

Left to Right (Standing): Brajesh Gupta, Majid Siddiqui, Deepak Gupta, Aman Srivastav, Mewalal Maurya, Shailendra Kumar, Ratnesh Dhar Dubey, Aman Mishra, (Dr.) O.P.Singh, Chhathendra Kumar Tripathi, Mukesh yadav, Piyoosh Ranjan Srivastav ,J.P.Nishad




# पाठ्यक्रम

14 YEARS OF EXCELLENCE
★ ESTABLISHED IN 2011 ★

## स्नातक / Graduation

### कला संकाय

**बी०ए० / B.A**

Bachelor in Art

गृहविज्ञान, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, प्राचीन इतिहास, शिक्षाशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, भूगोल, संस्कृत

Home Science, Political Science, Sociology, Ancient History, Hindi, English, Geography, Sanskrit, Education, Physical Education

### वाणिज्य संकाय

**बी०काम० / B.Com**

Bachelor in Commerce

समूह-ए एकाउण्ट्स एवं स्टैटिस्टिक्स
समूह-बी बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
समूह-सी एकोनॉमिक एवं फिजिकल एडमिनिस्ट्रेशन

Group A Accountancy & Statistics
Group B Business Administration
Group C Economic & Physical Administration

### विज्ञान संकाय

**बी०एस०सी० / B.Sc**

Bachelor in Science

भौतिक विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान

Physics, Mathematics, Chemistry, Zoology, Botany

## स्नातकोत्तर / Post Graduation

**एम०ए० / M.A**

Master in Arts

हिन्दी, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान

Hindi, Social Science, Home Science

## मासिक मूल्यांकन

प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह में प्राध्यापकों द्वारा अपने विषय/प्रश्नपत्र में छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन किया जाता हैं।





# हमारे टॉपर्स

## B.A.


LUCKY SINGH
CGPA: 8.38


ACHAL YADAV
CGPA: 8.31


AKANKSHA TIWARI
CGPA: 8.17


SAPANA
CGPA: 8.16


AKANKSHA SINGH
CGPA: 8.13

## B.Com.


ANJALI SHARMA
CGPA: 8.31


KAJAL YADAV
CGPA: 8.24


ANSHIKA PANDEY
CGPA: 8.15


ANJALI PANDEY
CGPA: 7.83


ABHISHEK GUPTA
CGPA: 7.50


## B.Sc.


SHWETA
CGPA: 8.22


VINDHYAWASINI GUPTA
CGPA: 7.62


KAMINI YADAV
CGPA: 7.32



PRIYA YADAV
CGPA: 7.32


SAKSHI SINGH
CGPA: 7.28

## M.A. (HINDI)


POOJA YADAV
CGPA: 7.57


SADHANA MAURYA
CGPA: 7.37


ANNU PANDEY
CGPA: 7.23

## M.A. (SOCIOLOGY)


SUMAN
CGPA: 7.25


PRIYA SHARMA
CGPA: 6.76


RAGINI GAUND
CGPA: 6.71

## M.A. (HOME SC.)


SONAL SINGH
CGPA: 7.44


KM. PRIYANKA
CGPA: 7.24


ANKITA GAUR
CGPA: 7.24


NAVODITA YADAV
CGPA: 7.24


ANJALI SINGH
CGPA: 7.24



















# खेल गतिविधियाँ

खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये न केवल शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होते हैं। खेलों से अनुशासन, सहयोग, आत्मविश्वास और नेतृत्व जैसे गुण विकसित होते हैं। यह हमें समय का सही उपयोग करना सिखाते हैं और तनाव को दूर करने में मदद करते हैं।

खेलों के माध्यम से विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ संतुलन बना रहता है। टीम गेम जैसे क्रिकेट, हॉकी और फुटबॉल में मिल-जुल कर काम करने की भावना पैदा होती है, जबकि एकल खेलों में आत्मनिर्भरता और आत्मनियंत्रण सीखने को मिलता है।

हमारे महाविद्यालय में छात्रों के लिए खेल गतिविधियों का विशेष महत्व है । महाविद्यालय परिसर में हरा भरा विस्तृत एक खेल का मैदान है एवं नियमित रूप से अपराह्न २ बजे के उपरान्त विभिन्न क्रीड़ाओं का आयोजन किया जाता है ।

## हमारे महाविद्यालय में उपलब्ध खेल:

- क्रिकेट
- वॉलीबॉल
- बैडमिंटन
- खो-खो (लड़कियों के लिए विशेष व्यवस्था)
- कबड्डी
- शतरंज
- कैरम

## हमारे महाविद्यालय में खेल गतिविधियों के उद्देश्य:

- छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना
- अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल विकसित करना
- छात्रों को एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना

## हमारे अनुभवी प्रशिक्षक:

हमारे अनुभवी प्रशिक्षक छात्रों को प्रशिक्षित करते हैं और उन्हें विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हमारे छात्र विभिन्न राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाते हैं।



# विशेषताएँ



## शिक्षक-अभिभावक बैठक

महाविद्यालय में शैक्षणिक अनुशासन तथा पठन-पाठन का वातावरण तथा विद्यार्थी एवं शिक्षक गुणवत्ता हेतु समय-समय पर शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया जाता है।

## रोवर्स क्रू एवं रेंजर्स दल

युवा शक्ति को अनुशासित करके उसमें सेवाभाव, भाईचारा, संगठन एवं नेतृत्व की भावना को विकसित करने तथा उन्हें भविष्य में संरचनात्मक दिशामूलक सिद्धान्तों से अवगत कराने हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर रोवर्स क्रू एवं रेंजर्स दल की स्थापना की गयी है।

15 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं को रोवर्स क्रू एवं छात्र-छात्राओं के वर्ग को रेंजर्स दल की संज्ञा प्रदान की गई है।

## वार्षिक पत्रिका

महाविद्यालय द्वारा गठित सम्पादक, मण्डल द्वारा एक पत्रिका का प्रकाशन प्रस्तावित है। जिसमें महाविद्यालय में वर्ष भर में होने वाले महत्वपूर्ण गतिविधियों, रचनाओं का संकलन होगा।

## सूचना परामर्श एवं कैरियर केन्द्र

महाविद्यालय में सूचना परामर्श एवं कैरियर केन्द्र की स्थापना की गई है। जिसमें विद्यार्थियों को देश विदेश के शैक्षिक संस्थानो एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु मार्गदर्शन दिया जाता है।

## छात्रवृत्तियाँ

राज्य सरकार से प्राप्त विभिन्न छात्रवृत्तियां नियमानुसार देय होंगी। 'श्री छोटक सिंह मेमोरियल सोसाइटी' की ओर से महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को योग्यता के आधार पर प्रतिवर्ष पुरस्कृत किया जायेगा। महाविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को 'मोहिनी सक्सेना पुरस्कार' प्रदान किया जाता है।



## शैक्षणिक पंचांग

स्नातक वर्ग की सभी कक्षाएं 16 जुलाई से प्रारम्भ होगी। प्रातः सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों की उपस्थिति में प्रार्थना व राष्ट्रगान के तदुपरांत कक्षाओं का संचालन आरम्भ होगा।

## उपस्थिति एवं गणवेश

विद्यार्थियों की 75% उपस्थिति अनिवार्य होगी अन्यथा उन्हें वार्षिक परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा।

महाविद्यालय से प्रत्येक सोमवार से शनिवार एवं पूर्व उद्घोषित कार्यक्रमों / आयोजनों में सुनिश्चित गणवेश लागू होगा।

छात्रों के लिये : श्वेत-ग्रे रंग की शर्ट व ग्रे रंग की पैन्ट

छात्राओं के लिये : श्वेत-ग्रे रंग (चेक) की समीज एवं ग्रे रंग की सलवार व श्वेत दुपट्टा निर्धारित है

## प्रवेश प्रक्रिया, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

- अन्तिम संस्था के प्राचार्य/प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण -पत्र
- हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का अंक पत्र
- आरक्षण के लाभार्थ राज्य सरकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण-पत्र एवं आय प्रमाण-पत्र
- इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात अगर छात्र-छात्रा का अन्तराल है तो अन्तराल प्रमाण-पत्र (शपथ-पत्र) प्रस्तुत करना आवश्यक है
- राज्य सरकार द्वारा निर्गत आय प्रमाण-पत्र (छः माह से पुराना न हो) जो शासन के वेबसाइट पर उपलब्ध हो
- राज्य सरकार द्वारा निर्गत निवास/अधिवास प्रमाण-पत्र (छः माह से पुराना न हो) आधार कार्ड की छाया प्रति

## विशेष

किसी भी पाठ्यक्रम के लिया गया शुल्क किसी अन्य पाठयक्रम में प्रवेश के लिए न तो समायोजित होगा और न ही वापस होगा। प्रत्येक छात्र-छात्रा को उसके द्वारा भुगतान की गयी धनराशि की रसीद दी जायेगी।

प्रत्येक छात्र -छात्रा को प्रतिवर्ष परिचय-पत्र में उसकी चरित्र पंजिका दी जायेगी। जिसमें उनकी उपलब्धियों, व्यवहार, उपस्थिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य समाजिक गतिविधियों का प्रमाणिक विवरण होगा। उक्त चरित्र पंजिका को छात्र/छात्रा कहीं भी प्रमाण-पत्र के रूप में प्रस्तुत कर सकेंगें।

सभी राष्ट्रीय पर्वो एवं महाविद्यालय स्थापना दिवस पर उपस्थिति अनिवार्य है। अनुपस्थित होने पर नियमानुसार कार्यवाही होगी

## अनुशासन

महाविद्यालय के अनुशासन को बनाए रखने के लिए अनुशासन मण्डल है। अनुशासन मण्डल के सदस्य प्राचार्य द्वारा नियुक्त किये जाते हैं इसका अध्यक्ष मुख्य नियन्ता (चीफ प्राक्टर) होता है। छात्र/छात्राओं को अनुशासित करने के लिए अनुशासन मण्डल द्वारा समवेत रूप से अथवा किसी सदस्य द्वारा जो भी निर्देश दिये जायेंगे, छात्र/छात्राओं को उनका पालन करना होगा।

## छात्र/छात्राओं के लिए विशेष निर्देश

- समय-समय पर दी जाने वाली प्रत्येक प्रकार की सूचना के लिए सूचना पट्ट पर लगी सूचना को पढ़ने पर विशेष ध्यान रखना चाहिए।
- छात्र/छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अनुशासित रहते हुए अध्ययनशील रहेंगे तथा महाविद्यालय का स्तर एवं गरिमा बढाने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहेंगे।
- छात्र/छात्राओं को अपने विभिन्न कार्यों के लिए सम्बन्धित प्राध्यापकों एवं प्राचार्य से आवश्यक जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।
- छात्रों को खाली वादनों में पुस्तकालय में जाकर वहाँ उपलब्ध पठन सामाग्री का लाभ उठाना चाहिए।

## महाविद्यालय में प्रस्तावित विविध कार्यक्रम

महाविद्यालय में अकादमिक, पाठ्य-सह एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों की एक श्रृंखला नियोजित की गई है। प्रमुख गतिविधियों एवं उनकी प्रस्तावित तिथि/माह निम्नवत है

| | | |
|---|---|---|
| सत्रारम्भ | 16 | जुलाई से स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाएँ प्रारम्भ |
| स्वतंत्रता दिवस समारोह | 15 | अगस्त |
| शिक्षक दिवस | 5 | सितम्बर |
| हिन्दी दिवस | 14 | सितम्बर |
| महाविद्यालय स्थापना दिवस | 28 | सितम्बर |
| व्याख्यान श्रृंखला | | नवम्बर माह |
| विवेकानन्द जयंती | 12 | जनवरी |
| खेल आयोजन | | दिसम्बर तृतीय सप्ताह |
| गणतंत्र दिवस समारोह | 26 | जनवरी |

## हमारे प्रयास

- प्रातः प्रार्थना एवं राष्ट्रगान के साथ महाविद्यालय दिनचर्या का आरम्भ
- 16 जुलाई से स्नातक/परास्नातक की कक्षाओं का आरम्भ
- छात्र-छात्राओं का मासिक मूल्यांकन
- मानक के अनुसार अध्यापकों की नियुक्ति
- छात्र-छात्रा में उच्च आदर्शों एवं अनुशासन की भावना का विकास करना
- विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सतत् मूल्यांकन
- विद्यार्थियों के लिए शुद्ध जल एवं प्रसाधन की व्यवस्था
- अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन
- वार्षिक महाविद्यालय पत्रिका का प्रकाशन
- प्रत्येक सत्र में संगोष्ठी-कार्यशाला का आयोजन
- विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु मार्गदर्शन
- विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण की व्यवस्था



राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर



स्वच्छता अभियान एवं रैली



स्वच्छता जागरूकता रैली



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक






वृक्षारोपण कार्यक्रम



सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम




मतदाता जागरूकता रैली



वृक्षारोपण कार्यक्रम



14 YEARS OF EXCELLENCE ★ ESTABLISHED IN 2011 ★

# राष्ट्रीय सेवा योजना

भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में तीन इकाइयाँ संचालित होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा के बोध का उन्नयन होता है।



उत्तर प्रदेश फ्री स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत मोबाइल वितरण कार्यक्रम




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति कार्यक्रम




विशेष शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम



सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम



मिशन शक्ति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गगहा थानाध्यक्ष



सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली



























14 YEARS OF EXCELLENCE
ESTABLISHED IN 2011


# SCIENCE EXHIBITION

## NATIONAL SCIENCE DAY
**28 FEBRUARY**

दिनांक 28 फरवरी 2025 को हमारे महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बी. एससी. बायोलॉजी, बी.एससी. मैथमेटिक्स, बी.ए. भूगोल तथा बी.ए. एवं एम.ए. गृह विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने मिलकर भाग लिया और विभिन्न विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए।

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना, नवाचार की भावना को जागृत करना तथा विषयों के आपसी समन्वय को बढ़ावा देना था।

## प्रमुख प्रोजेक्ट:

### भौतिक विज्ञान (Physics) छात्रों द्वारा प्रस्तुत मॉडल:

- Piezo Electricity Generator
- Solar System
- Laser Security Alarm
- Hologram

### जीवविज्ञान (Biology) के छात्रों द्वारा:

- Working Model of Human Eyes
- Brain liver lungs and kidney (Model of different parts of human body)
- Model of different stages of human embryonics development

### वनस्पति विज्ञान (Botany) के छात्रों द्वारा प्रस्तुत मॉडल:

- Climate change (Global warming)
- Agriculture farming
- Rainwater harvesting

### भूगोल (Geography) के छात्रों द्वारा:

- Global Warming
- Earth Rotation
- Solar System
- Launch of missile

### गृह विज्ञान (Home Science) के छात्रों द्वारा

- Handicrafts and domestic decorative items, children's toys, paintings, printing on a cloth
- Cooked items & chat (Pani batasha, dahi vada, bhelpuri, etc.)
- Selfie Point

इस प्रदर्शनी को सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने सराहा। यह आयोजन छात्रों के लिए एक सीखने एवं रचनात्मकता प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच रहा।

# FAREWELL





















## राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ रासेयो के शिविर का समापन

रकहट (एसएनबी)। राधिका महाविद्यालय करवल मझगांवा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम विकास अधिकारी परतावल महाराजगंज गोपेश्वर पटेल ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर ...

## सृष्टि की सृजनहार है नारी : पुनीत सिंह

... राधिका महाविद्यालय करवल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला ...

## निष्पक्ष मतदान से ही मजबूत होगा लोकतंत्र

## हिंदी भारत की प्राण भाषा : प्रो. चितरंजन मिश्र

## स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी ने जगाई राष्ट्रवाद की अलख

अमर उजाला | गोरखपुर

## मतदान की महत्ता बताकर जागरूक किया